# UGC Sponsored Certificate Courses run by the College under (NSQF) National Skills Qualifications Framework approved by the Binod Bihari Mahato Koyalanchal University, Dhanbad in its 7th Academic Council Meeting held on Tuesday 2nd February 2021.

**बीबीएमकेयू.** बैठक में यूजी व पीजी के न्यू सिलेबस को दी गयी मंजूरी

## जीएन कॉलेज में एनजीओ मैनेजमेंट पर शुरू होगा सर्टिफिकेट कोर्स

- **पीके राय और एसएसएलएनटी महिला कॉलेज में शुरू होगी फॉरेन लैंग्वेज की पढ़ाई**



एकेडमिक काउंसिल की बैठक में मौजूद कुलपति व अन्य अधिकारी.

**वरीय संवाददाता, धनबाद**

बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय की एकेडमिक काउंसिल की सातवीं बैठक मंगलवार को हुई. इसमें विवि में पहली बार एनजीओ मैनेजमेंट पर सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने का निर्णय लिया गया है. यह कोर्स जीएन कॉलेज में शुरू होगा. इसके साथ ही यहां एडवांस इंग्लिश में भी सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने का निर्णय लिया गया. बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो. अंजनी कुमार श्रीवास्तव ने की. इसमें प्रति कुलपति डॉ अनिल कुमार महतो, रजिस्ट्रार कर्नल एमके सिंह, सभी डीन, एसएसएलएनटी महिला कॉलेज की प्राचार्या डॉ शर्मिला रानी आदि उपस्थित थे. पीके राय मेमोरियल कॉलेज और एसएसएलएनटी महिला कॉलेज में चार फॉरेन लैंग्वेज में डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी. यह कोर्स यहां विवि के फॉरेन लैंग्वेज विभाग से शुरू किया जा रहा है. दोनों कॉलेजों में फ्रेंच, जर्मन, स्पैनिश और जैपनिश लैंग्वेज की पढ़ाई शुरू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है. सर्टिफिकेट कोर्स 36 सप्ताह का तथा डिप्लोमा कोर्स 72 सप्ताह का होगा. इन कोर्स के लिए कुल फीस 7200 रुपये रखी गयी है. हर कोर्स में 50 सीट होंगे.

**न्यू सिलेबस को मिली मंजूरी :** बैठक में यूजी और पीजी के नए सिलेबस को मंजूरी दे दी गई. यह सिलेबस वर्ष 2020 से शुरू हो रहे यूजी और पीजी के सत्र से मान्य होगा. विवि ने यूजी सत्र 2020-23 और पीजी सत्र 2020-22 के पहले सेमेस्टर के इंटरनल परीक्षा की तिथि की घोषणा कर दी है. सिलेबस के अभाव में अब तक शिक्षक इस परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र तैयार नहीं कर पा रहे थे. वहीं पीएचडी एंट्रेंस परीक्षा के सिलेबस को भी मंजूरी दे दी गयी है. विवि से पीएचडी कर रहे छात्रों के लिए इसी वर्ष परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया गया. राज्य सरकार के नए स्टैट्यूट 2010 को भी मंजूरी दी गयी है. अब इसे विवि सिंडिकेट और सिनेट से पास किया गया.

**अगले सत्र से दो विभागों में सीटें बढ़ेंगी :** एकेडमिक काउंसिल ने अगले सत्र 2021-23 से पीजी फिलॉसफी और मैनेजमेंट कोर्स की सीटें बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है. काउंसिल ने दोनों विभागों में सीटों की संख्या 32 से 48 करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है.

### अगले सत्र से शुरू होगा एमए इन एजुकेशन कोर्स

एकेडमिक काउंसिल ने अगले सत्र (2021-23) से एमए इन एजुकेशन कोर्स शुरू करने का निर्णय लिया है. इसे लेकर प्रतिकुलपति डॉ अनिल कुमार महतो की अध्यक्षता में दो सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है. कमेटी के दूसरे सदस्य डीन एजुकेशन सह आरएसपी कॉलेज के प्राचार्य डॉ जेएन सिंह हैं. ज्ञात हो कि विवि के एजुकेशन विभाग ने अगले सत्र से 48 सीटों के साथ एमए इन एजुकेशन कोर्स शुरू करने का प्रस्ताव दिया है.

---

**दैनिक भास्कर** | **धनबाद**

## गुरुनानक कॉलेज में एडवांस इंग्लिश व एनजीओ मैनेजमेंट कोर्स को मिली मंजूरी

बीबीएमकेयू एकेडमिक काउंसिल की बैठक में कॉलेज के प्रस्ताव को दी गई स्वीकृति, कमेटी का किया गया गठन

**एजुकेशन रिपोर्टर | धनबाद**

गुरुनानक कॉलेज में जल्द ही एडवांस इंग्लिश में सर्टिफिकेट कोर्स व एनजीओ मैनेजमेंट में डिप्लोमा कोर्स शुरू किया जाएगा। दोनों कोर्स शुरू करने के लिए कॉलेज के प्रस्ताव को बीबीएमकेयू एकेडमिक काउंसिल ने मंगलवार को मंजूरी दे दी है। काउंसिल की बैठक में पीके राय कॉलेज व एसएसएलएनटी महिला कॉलेज में सत्र 2021-22 से ही फ्रेंच, जर्मन, स्पेनिस व जैपनिज में सर्टिफिकेट व डिप्लोमा कोर्स शुरू करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी। उक्त कोर्स को जुलाई 2021 से शुरू किया जाएगा। इसके साथ ही डिपार्टमेंट ऑफ एजुकेशन की ओर से इसी सत्र से एमए इन एजुकेशन की पढ़ाई शुरू करने के प्रस्ताव को भी सहमति प्रदान की गई। इसके लिए प्रति कुलपति डॉ अनिल कुमार महतो की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की गई। कमेटी कोर्स के लिए सीट का निर्धारण, कोर्स के लिए स्थल का चयन, सिलेबस व नामांकन पर अंतिम निर्णय लेगी। टीम में एजुकेशन के डीन डॉ जेएन सिंह भी शामिल हैं। इसके साथ ही पीके राय कॉलेज में बैचलर ऑफ वोकेशनल कोर्स के तहत पीके राय कॉलेज में ऑफिस एडमिनिस्ट्रेशन स्किल और फैशन टेक्नोलॉजी शुरू करने के भी प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। एकेडमिक काउंसिल की बैठक कुलपति डॉ अंजनी कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में परीक्षा नियंत्रक डॉ सत्यजीत सिंह, रजिस्ट्रार कर्नल एमके सिंह आदि थे।



बीबीएमकेयू के सभागार में बैठक करते वीसी व अन्य अधिकारी।

**पीजी यूजी व पीएचडी प्रवेश परीक्षा की सिलेबस को मिली मंजूरीः** मंगलवार को आयोजित एकेडमिक काउंसिल की बैठक में पीजी व यूजी के नए सिलेबस, पीएचडी प्रवेश परीक्षा के लिए तैयार सिलेबस को मंजूरी दे दी गई। इसके साथ ही पीएचडी कोर्स वर्क के लिए नामांकित छात्र-छात्राओं की इसी वर्ष परीक्षा आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। वहीं एकेडमिक काउंसिल की ओर से झारखंड यूनिवर्सिटी परिनियम 2010 को भी मंजूरी दे दी गई। अब इसे सीनेट व सिंडिकेट से पास करवा कर उच्च शिक्षा निदेशालय को भेजा जाएगा।

### कॉलेज और पीजी में पांच से कक्षा शुरू करने को मंजूरी

बीबीएमकेयू एकेडमिक काउंसिल की बैठक में कोरोना काल में कॉलेज व पीजी डिपार्टमेंट में ऑफलाइन कक्षाएं बंद होने के बाद 5 मार्च से दुबारा शुरू करने का प्रस्ताव भी लाया गया। काउंसिल ने इस प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी। हालांकि कक्षा संचालन में यूजीसी की ओर से जारी गाइडलाइन का अनुपालन करने पर कोरोना से बचाव के लिए इंतजाम करने का भी निर्देश दिया गया।

बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विवि में स्नातक और स्नातकोत्तर सिलेबस की भी मंजूरी, नए सर्टिफिकेट कोर्स भी होंगे शामिल

# बीबीएमकेयू में पीएचडी सिलेबस को मिली मंजूरी

**फैसला**

धनबाद | प्रमुख संवाददाता

बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय ने चालू शैक्षणिक सत्र के लिए पीएचडी सिलेबस को मंजूरी दे दी है। साथ ही आधा दर्जन से अधिक सर्टिफिकेट कोर्स को भी मंजूरी दी गई है। इसमें एसएसएलएनटी कॉलेज में चार विदेशी भाषाओं की पढ़ाई को भी मंजूरी मिली है।

स्नातक और स्नातकोत्तर के सिलेबस को मंगलवार को संपन्न हुई विश्वविद्यालय एकेडमिक काउंसिल की बैठक में मंजूरी दे दी गई। इसके साथ ही विश्वविद्यालय नए सर्टिफिकेट कोर्स भी शुरू करने जा रही है। इनमें एनजीओ मैनेजमेंट और डेवलपमेंट इन इंग्लिश शामिल है। छात्र-छात्राएं अपनी पढ़ाई जारी रखते हुए इन विषयों की भी पढ़ाई कर सकते हैं।

एकेडमिक काउंसिल की बैठक कुलपति डॉ. अंजनी कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में पीएचडी प्रवेश परीक्षा के सिलेबस को भी पास कर दिया गया। बताया गया कि इस साल पीएचडी प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। झारखंड सरकार ने विश्वविद्यालय नियमावली में जो बदलाव करने का आदेश दिया था, उसमें भी सुधार कर राज्य सरकार को भेजा.जाएगा। इससे पूर्व इस सुधार को विश्वविद्यालय सीनेट में भी पास कराया जाएगा।

बैठक के बाबत रजिस्ट्रार कर्नल डॉ. एमके सिंह ने बताया कि स्नातकोत्तर दर्शन शास्त्र और मैनेजमेंट स्टडी की सीटों को 32 से बढ़ाकर 48 कर दिया गया है। इस पर भी एकेडमिक काउंसिल ने अपनी मंजूरी दे दी है। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से इसकी तैयारी गलभग पूरी कर ली गई है।



मंगलवार को बीबीएमकेयू एकेडमिक काउंसिल की बैठक में कुलपति डॉ अंजनी कुमार श्रीवास्तव व अन्य।

### चार विदेशी भाषाओं की होगी पढ़ाई

बैठक में एसएसएलएनटी कॉलेज में चार विदेशी भाषा जापानीज, जर्मन, फ्रेंच और ऑस्ट्रेलियन भाषा की पढ़ाई को भी बैठक में मंजूरी दी गई। मास्टर इन आर्ट्स में एक नए कोर्स एमए इन एजुकेशन को भी मंजूरी दी गई है। इसके लिए एक कमेट का गठन किया गया। कमेटी के चेयरमैन प्रोवीसी डॉ. अनिल महतो को बनाया गया है जबकि सदस्य के रूप में डीन एजुकेशन डॉ. जेएन सिंह को शामिल किया गया है। इस विषय को लेकर यह कमेटी अपनी रिपोर्ट देगी और उसी आधार पर पढ़ाई शुरू करा दी जाएगी। स्कील आधारित पाठ्यक्रम शुरू करने को लेकर भी काउंसिल ने निर्णय लिए हैं। सर्टिफिकेट कोर्स इन इंग्लिश की पढ़ाई जीएन कॉलेज में होगी।

- आधा दर्जन से अधिक प्रस्ताव को एकेडमिक काउंसिल में मिली मंजूरी
- एसएसएलएनटी कॉलेज में चार विदेशी भाषाओं की होगी परीक्षा
- नियमावली मेंबदलाव के लिए भेजा जाएगा सरकार के पास



# बीबीएमकेयू में नए सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने की मिली मंजूरी

## काउंसिल की बैठक में स्नातक व स्नातकोत्तर सिलेबस भी मंजूर

**जागरण संवाददाता, धनबाद :** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय ने चालू शैक्षणिक सत्र के लिए सिलेबस को मंजूरी दे दी है। स्नातक और स्नातकोत्तर के सिलेबस को मंगलवार को संपन्न हुई विश्वविद्यालय एकेडमिक काउंसिल की बैठक में मंजूरी दे दी गई। इसके साथ ही विश्वविद्यालय नए सर्टिफिकेट कोर्स भी शुरू करने जा रही है। इनमें एनजीओ मैनेजमेंट और डेवलपमेंट इन इंग्लिश शामिल है। छात्र-छात्राएं अपनी पढ़ाई जारी रखते हुए इन विषयों की भी पढ़ाई कर सकते हैं।

एकेडमिक काउंसिल की बैठक कुलपति डॉ. अंजनी कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पीएचडी प्रवेश परीक्षा के सिलेबस को भी पास कर दिया गया। बताया गया कि इस साल पीएचडी प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। झारखंड सरकार ने विश्वविद्यालय नियमावली में जो बदलाव करने का आदेश दिया था उसमें भी सुधार कर राज्य सरकार को भेजा जाएगा। इससे पूर्व इस सुधार को विश्वविद्यालय सिनेट में भी पास कराया जाएगा। बैठक के बावत रजिस्ट्रार कर्नल डॉ. एमके सिंह ने बताया कि स्नातकोत्तर दर्शन शास्त्र और मैनेजमेंट स्टडी की सीटों को 32 से बढ़ाकर 48 कर दिया गया है। इस पर भी एकेडमिक काउंसिल ने अपनी मंजूरी दे दी है। मास्टर इन आर्ट्स में एक नए कोर्स एमए इन एजुकेशन को भी मंजूरी दी गई है। इसके लिए कमेटी का गठन किया गया। कमेटी के चेयरमैन प्रो वीसी डॉ. अनिल महतो, जबकि सदस्य के रूप में डीन एजुकेशन डॉ. जेएन सिंह को शामिल किया गया है। इस विषय को लेकर यह कमेटी अपनी रिपोर्ट देगी और उसी आधार पर पढ़ाई शुरू करा दी जाएगी। स्कील आधारित पाठ्यक्रम शुरू करने को लेकर भी काउंसिल ने निर्णय लिए हैं। सर्टिफिकेट कोर्स इन इंग्लिश की पढ़ाई जीएन कॉलेज में होगी, जबकि विदेशी भाषा की पढ़ाई एसएसएलएनटी व पीके रॉय में होगी।



मंगलवार को बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय सभागार में आयोजित एकेडमिक काउंसिल की बैठक में जानकारी देते कुलपति अंजनी कुमार श्रीवास्तव • जागरण

### कोरोना ने बदली शिक्षण प्रणाली, और होंगे बदलाव

**जासं, धनबाद :** कोरोना में जहां अब तक ऑनलाइन क्लास की बात चल रही थी, लेकिन अब हाईब्रिड क्लास, ड्राइ लैब, फ्लिप क्लास आने वाले हैं। पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. बीके सिन्हा के इस कांसेप्ट को झारखंड सरकार अपनाने जा रही है। उन्होंने बताया कि हाईब्रीड क्लास, फ्लिप क्लास, ड्राई लैब समेत एजुकेशनल टेक्नोलॉजी सेंटर की अवधारणा को कोरोना काल में तैयार किया गया। शिक्षण व्यवस्था की आवश्यकताओं को देखते हुए तकनीक आधारित शिक्षण पद्धति पर जोर दिया गया।